अति-

सं0 – 48/3/2005–स्था.–नौ/2638
भारत सरकार
केन्द्रीय जल आयोग

कमरा नं0 308, सेवा भव
रामाकृष्णपुरम, नई दिल्ली–110066

दिनांक: 1 ~~मई~~ जून 2012

## रिक्ति परिपत्र

केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय) में सेवा हेतु साधारण केन्द्रीय सेवा (समूह 'ग') स्टाफ कार चालक (साधारण ग्रेड) वेतन बैंड रूपए 5200–20200+1900/–(ग्रेड वतन) के तीन रिक्त पदों ( 2 anticipated vacancies) पर आमेलन द्वारा नियुक्ति प्रस्तावित है। भर्ती नियमों के अनुसार भर्ती की शर्तों का विवरण नीचे दिया गया है।

अर्हताएं: (i) किसी मान्यताप्राप्त बोर्ड से मैट्रिकुलेशन उत्तीर्ण एवं विभागीय व्यावसायिक परीक्षण उत्तीर्ण करने के अधीन रहते हुए उस श्रेणी में तीन वर्ष की नियमित सेवा।
(ii) मोटर कार चलाने की विधिमान्य लाइसेंस का होना व उसके चलाने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव।
(iii) मोटर यांत्रिकी का ज्ञान(अभ्यर्थी यान के छोटे–मोटे खराबियों को दूर करने में योग्य हो)

पात्र:– केन्द्रीय जल आयोग(मुख्यालय) और उसके अधीनस्थ कार्यालयों में नियमित स्थापना के समूह 'ग' कर्मचारियों में से आमेलन द्वारा जिन्होंने उस श्रेणी में तीन वर्ष नियमित सेवा प्रदान की है और जिनके पास विभागीय व्यावसायिक परीक्षा उत्तीर्ण करने की अर्हताएं हैं।

शर्तें पूरी करने वाले वे आवेदक जिन्हें चयन होने पर कार्यमुक्त किया जा सके, जो इच्छुक हों तथा उपयुक्त समूह 'ग' अधिकारी अपना आवेदन–पत्र संलग्न प्रपत्र में उचित माध्यम द्वारा **02.07.2012** तक अवश्य भेज दें। विलम्ब से प्राप्त आवदनों पर विचार संभव नहीं होगा। आवेदक आवेदन के पश्चात् अपना आवेदन–पत्र वापस नहीं लें सकेंगे।

संलग्न:– प्रपत्र

( सुमन दयाल )
अवर सचिव
दूरभाष: 26100418

प्रतिलिपि:–

1. केन्द्रीय जल आयोग (मुख्यालय), नई दिल्ली के सभी अनुभाग/निदेशालय तथा सभी क्षेत्रीय कार्यालय/मुख्यालय में कार्यरत ऐसे मुख्यालय संवर्ग के इच्छुक आवेदक अपना आवेदन–पत्र उसमें दिए गए विवरण की सत्यापना हेतु अपने कार्यालयाध्यक्ष को प्रस्तुत करें व सत्यापित आवेदन पत्र ही स्थापना–नौ अनुभाग में भेंजे।

2. अधीक्षण अभियंता, योजना परिमण्डल, केन्द्रीय जल आयोग, फरीदाबाद को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त रिक्ति को केन्द्रीय जल आयोग के सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत समूह 'ग' कर्मचारियों में परिचालित करें एवं इच्छुक व्यक्तियों से प्राप्त आवेदन उनके द्वारा दिए गए विवरण को प्रमाणित करने के पश्चात् तथा सतर्कता प्रमाण–पत्र सहित **दिनांक 02.07.2012** तक इस आयोग को भेज दें।

3. अनुभाग अधिकारी स्थापना–आठ अनुभाग, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ कि मुख्यालय में कार्यरत वर्ग 'ग' के इच्छुक अधिकारियों से प्राप्त आवेदन तथा उनके द्वारा दिए गए विवरण को प्रमाणित करने के पश्चात् **दिनांक 02.07.2012** तक स्थापना–नौ अनुभाग में भेज दें।

DD May please upload

08/06/12

PD-II
Sharmaji

( सुमन दयाल )
अवर सचिव
दूरभाष: 26100418